>

Title: Need to enhance the sugarcane price- Laid

श्री राम शिरोमणि (श्रावस्ती): मैं सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के किसानों की तरफ दिलाना चाहता हूँ । आज किसान बहुत परेशान है । किसानों की सबसे प्रमुख समस्या कृषि लागत में कई गुना बढ़ोतरी है । उदाहरण स्वरूप डी.ए.पी., यूरिया, पोटाश, बीज, कीटनाशक आदि के दामों में कई गुना बढ़ोतरी हुई है । इसके साथ ही साथ डीजल और बिजली की मंहगाई की वजह से लागत भी बढ़ी है । पिछले तीन सालों में गन्ने के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है और न ही गन्ना खरीद का बकाया भुगतान हुआ है । लागत और फसलों के दाम में भारी अन्तर के चलते किसान आत्महत्या को मजबूर हैं । ऐसे में किसान मौसम की मार तो झेलता ही है साथ ही साथ सरकार द्वारा की जा रही अनदेखी की वजह से आत्महत्या कर लेता है ।

आज उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश का किसान बहुत ही लाचार और परेशान है । ऐसे में सरकार 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने को कहती है । हम भी चाहते है कि किसानों की आय दोगुनी हो लेकिन यही हाल रहा तो यह कैसे सम्भव होगा । महोदय, किसान देश के इकोनमी की रीढ़ की हड्डी होता है इसके बावजूद सरकार किसानों के लिए कुछ नहीं कर रही है ।

मेरी सरकार से मांग है कि किसानों की गम्भीर समस्याओं को देखते हुए अतिशीघ्र गन्ने का दाम बढ़ाया जाए व गन्ने खरीद का बकाया भुगतान जल्द से जल्द से दिलाया जाये व फसलों को भी मूल्य लागत के अनुपात में बढ़ाया जाये । साथ ही साथ किसानों के के.सी.सी. लोन पर ब्याज 0 प्रतिशत किया जाए ।